(घ) उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि गरीबी रेखा के नीचे के प्रत्येक परिवार को 10 किलोग्राम खाद्यान्न अर्थात् 3/- रूपये प्रति किलोग्राम की दर पर 7 किलोग्राम गेहूं और 4/- रूपये प्रति किलोग्राम की दर पर 3 किलोग्राम चावल और मुहैया किया जाता है ।

Production of Vegetable Oils in Maharashtra

2636. MISS. SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of FOOD AND CONSUMER AFFAIRS be pleased to state:

(a) the total number of units engaged in production of vegetable oils in the State of Maharashtra particularly in the Vidarbha region as on the date with their capacity of production;

(b) how far the capacity is being utilised by the units in the State; and

(c) what incentives are being given to the entrepreneurs engaged in vegetable oil production in the State by the State and Central Governments?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD AND CONSUMER AFFAIRS (SHRI SATYA PAL SINGH YADAV): (a) According to available information, the total number of units engaged in production of vegetable oils in the State of Maharashtra including Vidarbha region is as follows:—

		No.	Installed capacity (lakh MT per annum)
(i)	Solvent Extraction Units	78	34.1
(i)	Independent Refineries Vansapati	10	0.9
(iii)	Units	19	3.2

As a result of de-licensing of the vegetable oil industry w.e.f. 25th July, 1991, no authentic information about the number of oilseed crushing units is available.

(b) The Overall capacity utilisation is less than 35%

(c) No incentive exclusively for entrepreneurs engaged in vegetable oil production is being given by the Central Government.

भारतीय खाद्य निगम द्वारा राजस्थान में रखा गया खाद्यान्नों का भंडार

2637. **श्री ओंकार सिंह लखवत :** क्या खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खाद्य निगम ने देश में वर्ष 1996-97 के खाद्यान्नो तथा वर्ड 1997 की रबी फसल के खाद्यान्नों की कुल कितनी मात्रा का भंडार किया था,

(ख) उन गोदामों में से कुल कितने गोदाम राजस्थान में है, जिनके ऊपर छतें है तथा जो चारों और से बदं है, और उनकी भंडारण क्षमता कितनी है;

(ग) राजस्थान में कुल कितने गोदाम खुले स्थानों में हैं ऐसे कितने गोदाम देशनोक (बीकानेर) में हैं; और

(घ) इस वर्ष देशनोक में खुले गोदामों में वर्षा के कारण कितनी मात्रा में खाद्यान्न बर्बाद हुए तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्यपाल सिंह यादव) : (क) 31.7.1997 को स्थिति के अनुसार भारतीय खाद्य निगम द्वारा भण्डारित खाद्यान्नों की कुल मात्रा 122.79 लाख टन थी और 31.3.1998 को स्थिति के अनुसार रबी फसल का 31.48 लाख टन गेहूं भण्डारित था ।

(ख) 31.5.1998 को स्थिति के अनुसार राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम के पास उपलब्ध ढके हुए अथवा ढ़के हुए ढांचों वाले गोदामों की कुल संख्या 73 है और इन गोदामों की भण्डारण क्षमता 9.43 लाख टन है ।

(ग) और (घ) राजस्थान में जो गोदाम खुले स्थानों पर हैं उनकी कुल संख्या 23 हैं । देशनोक (बीकानेर) भारतीय खाद्य निगम में कोई खुला गोदाम नहीं है ।